स्वच्छता की पढ़ाई में सीहोर नपा आई अव्वल

सीहोर नपा ने कुल 824 निकायों में से देश में पाया 6वां स्थान, बुधनी और शाहगंज नगर परिषद सिरमौर

बुधनी. राजधानी नई दिल्ली में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत महामहिम राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करते नगरपरिषद अध्यक्ष व अन्य अतिथि.

- नपाध्यक्ष व सीएमओ ने किया सफाई मित्रों का सम्मान
- आज नपा द्वारा नगर में निकाली जाएगी आभार रैली

नवभारत न्यूज

सीहोर. स्वच्छता की पढ़ाई में सीहोर नगर पालिका को इस बार बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. सर्वेक्षण की रिपोर्ट के बाद गुरुवार को सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी की गई है उसमें सीहोर ने अलग पहचान बनाई है. सीहोर नपा ने 50 हजार से 3 लाख तक की आबादी वाले कुल 824 निकायों में देश में 6वां स्थान हासिल किया है. यह एक बड़ी उपलब्धि है. वहीं प्रदेश के कुल 56 निकायों में सीहोर ने 7वां स्थान हासिल किया है.

इस उपलब्धि के बाद नपा में जोरदार जश्न मनाया गया. नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीएमओ सुधीर कुमार सहित सभी पार्षदों ने सफाई दरोगा और कचरा गाड़ी चलाने वाले चालकों को सम्मानित किया. इसके बाद नगर पालिका के बाहर अध्यक्ष सहित सभी पार्षद और नपा स्टाफ ने जश्न मनाते हुए ढोल पर बजाते हुए जमकर डांस किया. नपा की इस उपलब्धि से पूरे शहर में उत्सव का माहौल है. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि देश के 824 निकायों में 6वां स्थान प्राप्त करना हमारी बड़ी उपलब्धि है. जिन सफाई मित्रों के कारण हम इस मुकाम पर पहुंचे हैं उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा. शुक्रवार को आभार रैली निकाली जाएगी. जिसमें हर चौराहे पर आतिशबाजी चलाने के साथ मिठाई वितरण होगा, क्योंकि शहरवासियों की भागीदारी से ही यह उपलब्धि हासिल हुई है. इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी लंबे समय तक चली. स्वच्छता की परीक्षा पूरे एक साल लेट हो गई। जिसका असर यह रहा कि हमें तैयारी के लिए अतिरिक्त समय मिल गया.

बुधनी व शाहगंज नप को राष्ट्रपति से मिला पुरस्कार

बुधनी/शाहगंज. प्रदेश ने एक बार फिर स्वच्छता के क्षेत्र में देश भर में अपनी विशेष पहचान बनाई है. गुरुवार को दिल्ली में आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के राष्ट्रीय समारोह में जिले की दो नगर परिषदों बुधनी और शाहगंज को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया. 15 हजार से अधिक जनसंख्या वाले नगरीय निकायों की श्रेणी में बुधनी नगर परिषद को देश में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता मालवीय, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय को ट्रॉफी ओर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. बुधनी में कबाड़ से जुगाड़ कर बनाया गया वेस्ट वंडर पार्क इस उपलब्धि का मुख्य केंद्र रहा, जिसने स्वच्छता को एक रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया. बुधनी को पिछले वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में वेस्ट जोन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था, जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण मिश्रा और उनकी टीम को सम्मानित किया था. इस बार एक कदम और आगे बढ़ते हुए बुधनी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है. गौरतलब है कि नगर परिषद द्वारा रोजाना चलाए जा रहे सफाई कार्य, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सोर्स सेग्रीगेशन, गीले कचरे से खाद निर्माण और सूखे कचरे की एमआरएफ सेंटर में सॉर्टिंग जैसी व्यवस्थाएं इस सफलता की कुंजी रहीं. नगर परिषद के पास कुल 40 कर्मचारियों की टीम है, जो दो शिफ्ट में नगर को स्वच्छ बनाए रखने में जुटी रहती है. नगर सीएमओ संतोष रघुवंशी ने बताया कि स्वच्छता टीम के साथ-साथ वार्ड पार्षद, अध्यक्ष और नागरिकों की सहभागिता से ही यह सफलता मिली है. वहीं नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय और स्वच्छता एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने नगर के सभी वार्डों का समय-समय पर निरीक्षण कर लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई. गुरुवार को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया. आयोजित कार्यक्रम में सम्मान मिलते ही बुधनी नगर परिषद में मौजूद भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, ओर आधिकारी कर्मचारी ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया. इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने कहा कि इस उपलब्धि में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों सफाई मित्रों, ओर नागरिकों की भागीदारी सराहनीय रही.

यूरिया को लेकर किसानों में हो रही मारामारी

- दिन भर के इंतजार के बाद भी नहीं मिल रहा खाद
- रेहटी में किसानों ने किया हंगामा, कुछ देर चक्काजाम भी

नवभारत न्यूज

सीहोर. कभी मौसम, कभी कर्ज, कभी आर्थिक संकट तो कभी फसलों को बेचने की किल्लतों से जूझते किसानों की परेशानी अब यूरिया खाद को लेकर है. उनके संकट दूर ही नहीं हो पा रहे हैं. ऐसे में किसानों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो रही है. गुरुवार को रेहटी में किसानों ने खाद न मिलने पर जमकर हंगामा किया और कुछ देर मार्ग को जाम करने का भी प्रयास किया.

जिलेभर सहित बुधनी विधानसभा में भी किसान यूरिया के लिए परेशान हैं. लंबी-लंबी लाईन में लगने के बाद भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल पा रहा है. यूरिया संकट के कारण उनकी फसलें भी खराब हो रही है. सहकारी समितियों में भी प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया दिया जा रहा है. ऐसे में किसानों की पूर्ति भी नहीं हो पा रही है. किसानों का आरोप है कि यूरिया खाद की कालाबाजारी की जा रही है. बड़े किसानों के पास पर्याप्त खाद पहुंच रहा है. छोटे किसानों को खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है.

बुधनी विधानसभा के रेहटी में भी यूरिया खाद को लेकर किसान आक्रोशित हैं. गुरुवार को मंडी में खाद के वितरण को लेकर सूचना लगाई गई और जब किसान वहां पहुंचे तो उन्हें खाद ही नहीं मिली. 10 बजे से यूरिया का वितरण होना था, लेकिन 10 बजे तक सेंटर ही नहीं खुला. किसान कतारें लगाकर खाद के लिए परेशान होते रहे. रेहटी मंडी पहुंचे कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने कहा कि आखिर छोटे किसान ही क्यों खाद के लिए परेशान होते हैं? बड़े किसानों के पास कहां से खाद पहुंचता है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा करके खाद वितरण केंद्र को खुलवाया उन्होंने कहा कि ये हाल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की विधानसभा का है तो पूरे देश-प्रदेश के क्या हाल होंगे. इस दौरान कांग्रेस नेता मलखान सिंह चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान भी मौजूद रहे।

रेहटी मंडी पहुंचे किसानों ने खाद सेंटर के सामने अपनी बही की लाईन लगा दी. सुबह से ही किसान खाद के लिए पहुंच गए थे. इसके अलावा सहकारी समितियों में भी खाद भिजवाई गई है, लेकिन यहां भी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रहा है. ऐसे में किसान परेशान हैं. बाजार से भी यूरिया गायब है. खाद, बीज, कीटनाशक बेचने वाले व्यापारियों के पास भी खाद की किल्लत है. किसानों का आरोप है कि यूरिया की कालाबाजारी की जा रही है.

लगातार लग रही है यूरिया की रैक

उप संचालक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष सीहोर जिले में मक्का का रकबा ज्यादा होने से एक समय में ही खाद की जरूरत ज्यादा पड़ गई है. किसानों ने यूरिया पहले से नहीं उठाया और अब एकसाथ सभी को खाद की जरूरत है. हालांकि यूरिया की रैक लगातार लग रही है और आपूर्ति भी कराई जा रही है. जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक रघुवीर मालवीय ने बताया कि यूरिया की समस्या आ रही है. सभी किसानों को यूरिया खाद मिल सके .इसलिए उन्हें कम बोरियां दी जा रही हैं, ताकि सभी को मिल सके.

एक नजर में

मार्टिनेट विद्यालय में विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्परिणाम

नवभारत आज्ञा. थाना पार्वती थाना प्रभारी हरिसिंह परमार एवं मार्टिनेट विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया. इस मौक पर थाना निरीक्षक ने कहा कि नशा जीवन का नाश कर देता है. इससे दूर रहकर ही जीवन को संवारा जा सकता है. उन्होंने बताया कि पुलिस लोगों को डराने के लिए नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा और जनता के सहयोग के लिए है. इसके पश्चात सभी लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई तथा सभी को 14446 नशा मुक्ति हेल्प लाईन नंबर की भी जानकारी दी गई. इस अवसर पर नोशे खान, विनीत कुमार त्रिवेदी, प्रीति त्रिवेदी, अतुल सुराणा, शिखा तिवारी, रेखा शर्मा, कुशल भूतिया, जुनेद अंसारी, अशोक महेश्वरी, पंकज ठाकुर, कृष्णपाल ठाकुर, सुल्ताना अली, अंश अडगले, हेमंत पांडे आदि उपस्थित थे.

नशामुक्ति के लिए बच्चों को दिखाई फिल्म

नवभारत सीहोर. एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं एएसपी सुनीता रावत के निर्देशन में सीएसपी डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा सत्य साई विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया. छात्रों, शिक्षकगणों, को नशा न करने से प्रोत्साहित करने हेतु शपथ दिलवाई गई कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित थाना स्टॉफ, सत्य साई यूनिवर्सिटी से डॉ. गार्गी सिंह, डॉ.सुजन थॉमस, डॉ. अनीश, योगेन्द्र त्यागी व छात्र-छात्राए उपस्थित थे.

नशे से दूरी के लिए कॉलेज में चला जागरुकता अभियान

नवभारत शाहगंज. स्वस्थ रहना है तो नशे से दूर रहना होगा. नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी हानि करता है. यह बात थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत गुरुवार को छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने सभी को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई . अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. अभियान के तहत क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थानों, बस्तियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जनसंवाद, पंपलेट वितरण, वीडियो प्रदर्शनी, पोस्टर प्रदर्शन जैसे माध्यमों से नशे से दूरी बनाने के लिए जन जागरुकता संबंधी आयोजन किए जा रहे हैं.

आज से महाकाल सेवा संकल्प पदयात्रा शुरू

सीहोर. लगातार तीसरी बार क्षेत्र में अच्छी बारिश, गाय, गांव, गरीब की सेवा और जनकल्याण की कामना क्षेत्र की खुशहाली को लेकर महांकाल सेवा संकल्प पदयात्रा शुक्रवार को उज्जैन रवाना होगी. यात्रा गणेश मंदिर से सुबह नौ बजे आरंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कुबेरेश्वर महादेव मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना के बाद जताखेड़ा, अमलाहा और कोठरी होते हुए उज्जैन पहुंचेगी. यह यात्रा आगामी 23 जुलाई को सीवन और पार्वती के जल से भगवान महाकाल के अभिषेक के साथ उज्जैन में संपन्न होगी. पदयात्रा का आयोजन युवा समाजसेवी आशीष गेहलोत, करणी सेना के जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्यों के द्वारा किया जा रहा है.

कार्रवाई के भय से घर छोड़कर भागे आरोपी

- मेवातीपुरा में सहायक यंत्री के साथ किया था अभद्र व्यवहार
- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया था मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सीहोर. बुधवार को नगर के मेवातीपुरा में चैकिंग करने पहुंचे विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री और अमले के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है, लेकिन कार्रवाई के भय से सभी आरोपी घरों से ताला लगाकर फरार हो गए हैं. इधर गुरुवार को मेवातीपुरा की कुछ महिलाओं ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाना कोतवाली पुलिस पर दबाव बनाने का प्रयास किया था लेकिन वह कारगर साबित नहीं हो सका.

गौरतलब है कि बुधवार की शाम विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री अतुलेश सिंह स्टाफ के साथ कस्बा स्थित मेवातीपुरा में चैकिंग करने गए थे. इस दौरान एक घर में सर्विस केबल को क्रेक कर बिजली चोरी का मामला पाया जाने पर जब विद्युत अमले ने सर्विस केबल को निकाल लिया तो वहां मौजूद स्थानीय रहवासियों ने विरोध जताया. जब सहायक यंत्री पंचनामा बनाने के लिए मोबाइल से वीडियो बना रहे थे तब कुछ युवकों ने अभद्रता करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया था. इसके बाद मोहल्ले के लोगों ने एसपी कार्यालय में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी के खिलाफ ज्ञापन भी सौंपा था, जबकि अपने साथ हुए अभद्र व्यवहार के बाद सहायक यंत्री अतुलेश सिंह ने कोतवाली में पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया था.

कोतवाली पुलिस ने एई के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए मेवातीपुरा स्थित उनके घरों पर दबिश डाली, लेकिन कार्रवाई से बचने के लिए वह घरों पर ताला लगाकर फरार हो गए हैं. टीआई रविन्द्र यादव ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है. इधर गुरुवार को मेवातीपुरा की कुछ महिलाओं ने कोतवाली पहुंचकर विद्युत कंपनी के अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन उनका यह प्रयास कारगर साबित नहीं हो सका.

स्कूलों के पास दुकानों से तंबाकू, सिगरेट जब्त

नवभारत न्यूज

भैरूंदा. नशा मुक्ति जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र में स्कूलों के आसपास गुमटी एवं दुकानों का भ्रमण किया गया एवं वहां विक्रय होने वाले नशीले पदार्थ गुटखा, सुपारी, तमाकू, सिग्रेट आदि को जप्त किया साथ ही पुन: बिक्री न करने की हिदायत दी.

इसी तरह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास में स्थित किराना दुकानों को तंबाकू निर्मित उत्पादों की बिक्री न करने के लिए हिदायत दी गई. साथ ही ग्राम सेमलपानी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया. कार्यक्रम उपरांत स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया. कार्यक्रम में निरीक्षक घनश्याम दांगी, पूजा सिंह राजपूत व थाने का स्टाफ, प्राचार्य सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे.

शाहगंज में पुलिस ने चलाया नशामुक्त अभियान

शाहगंज. एसपी दीपक कुमार, एएसपी के निर्देशन में एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में आईटीआई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान एवं थाना स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति जागरुकता अभियान चलाया गया. इस दौरान परिसर में फ्लेक्स लगवाए गए एवं पोस्टर बांटे गए एवं नशा मुक्ति के लिए कार्य करने के लिए शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में आईटीआई अधिकारी एवं समस्त थाना स्टाफ उपस्थित थे.

दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

नवभारत न्यूज

सीहोर. पॉक्सो न्यायालय में विशेष न्यायाधीश श्रीमती स्मृता सिंह ठाकुर द्वारा राजीनामा के बाद भी आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1500 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया. प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव द्वारा की गई.

घटना के संबंध में बताया गया कि फरियादी द्वारा 23 मई 2023 को इछावर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लेख कराई गई कि मैं सुबह 11 बजे अपने पड़ोस में अपनी बच्ची के साथ गई थी. शाम करीबन 5 बजे, मैं अपने घर आ गई थी, थोड़ी देर बाद शाम के 6 बजे जब मैं अपने घर पहुंची तो मेरी बच्ची घर पर नहीं पहुंची. आसपास सभी जगह तलाश करने पर भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला. पीड़िता को बरामद किया गया. पीड़िता द्वारा अपने कथन में अभियुक्त अनिल बारेला अपने साथ कोलूखेड़ी के जंगल में ले गया और दुष्कर्म किया. इसके बाद बिलकिसगंज ले जाकर भी जबरदस्ती की. आरोपी ने कहा कि यदि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा. पुलिस ने प्रकरण जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया. न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषी पाते हुए पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 363 भादवि में 01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया. पीड़िता को न्यायालय द्वारा 1 लाख रुपए प्रतिकर दिए जाने का आदेश दिया गया.

अतिथि शिक्षकों ने ई अटेंडेंस का विरोध कर सौंपा ज्ञापन

- ई- अटेंडेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग
- अतिथि शिक्षकों को मोबाइल व रिचार्ज के लिए दी जाए राशि

नवभारत न्यूज

भेरूंदा. विकासखंड के अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस को लेकर विरोध जताते हुए 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम मदनसिंह रघुवंशी को सौंपा गया.

ज्ञापन में उल्लेख किया कि शैक्षणिक सत्र 25 -26 में अतिथि शिक्षकों से ई-अटेंडेंस लगवाने हेतु आदेश जारी किया गया है, जो अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय है. ई-अटेंडेंस लगवाने से पूर्व कुछ समस्याओं का निराकरण किया जाए. अधिकांश अतिथि शिक्षकों के पास स्मार्ट मोबाइल नहीं है. उन्हें मोबाइल खरीदने के लिए 20 हजार रुपए की राशि दी जाए. अधिकांश अतिथि शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है, जो मोबाईल रिचार्ज तक नहीं करवा सकते है, उन्हें प्रतिमाह रिचार्ज हेतु न्यूनतम 500 रुपए की राशि प्रदान की जाए. साथ ही प्रतिमाह निश्चित तिथि में अतिथि शिक्षकों को मानदेय प्रदान किया जाए. अतिथि शिक्षकों को मेडिकल/ प्रसव/ मातृत्व/ पितृत्व/ आकस्मिक समस्त प्रकार के अवकाशों की सुविधा प्रदान किया जाए. जिन ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जाए. अतिथि शिक्षकों का सर्वप्रथम

वार्षिक अनुबंध भविष्य सुरक्षित किया जाए. नियमित कर्मचारियों की भांति अतिथि शिक्षकों को समस्त शासकीय सुविधाओं का लाभ प्रदान जाए. अनुभवी अतिथि शिक्षक किसी भी कारण से बाहर है, उनकी अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अलग से विद्यालय चयन प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए.

ज्ञापन में बताया कि अतिथि शिक्षक ई-अटेंडेंस को लेकर मानसिक रूप से त्रस्त हैं. इसलिए तत्काल उपरोक्त समस्याओं का निराकरण करें. ततपश्चात अतिथि शिक्षकों से ई-अटेंडेंस लगवाने हेतु आदेश जारी करें.

बैठक बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन की बैठक में कलेक्टर व एसपी ने दिए मातहतों को निर्देश

प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

सीहोर. बाढ़, जल भराव तथा झरनों एवं पिकनिक स्थलों पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए बैठक आयाजित की गई. बैठक में कलेक्टर बालागुरू के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने वर्षाकाल में होने वाली जनहानि को रोकने हरसंभव कदम उठाने के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है. उन्होंने गत दिवस झोलियापुर तथा कोलार बांध में हुई दुर्घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में इस प्रकार की कोई जन हानि न हो.

पर्यटकों को बांध, झारने, नदी, तालाब सहित सभी जोखिम पूर्ण स्थानों पर जाने से रोका जाए. उन्होंने आमरगढ़ वाटरफॉल, बुधनी मिडघाट क्षेत्र, कोलार बांध क्षेत्र, झोलियपुर बैराज, कालिया देव वाटरफॉल, नर्मदा तटीय सहित सभी जोखिमपूर्ण स्थलों में राजस्व, पुलिस, वन, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पीडब्यूडी सहित संबधित विभागों के अधिकारियो को समन्वय स्थापित कर गम्भीरता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए. बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन, वन मंडल अधिकारी सुश्री अर्चना पटेल, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा आदि उपस्थित थे.

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के एवं एसपी श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि वर्षाकाल में झरनों और सभी संभावित दुर्घटना वाले स्थानों पर बैरिकेड लगाकर पिकनिक मनाने आने वाले लोगों रोका जाए तथा चेतावनी वाले बोर्ड, संकेतक लगाए जाएं. उन्होंने पुलिस एवं संयुक्त टीम द्वारा ऐसे स्थानों पर लगातार गश्त करने तथा लोगों को संभावित खतरों के बारे में जानकारी देकर आगाह करने के निर्देश दिए गए.

उन्होंने आपदा में बचाव के लिये सभी उपकरणों, साधनों की मौके पर उपलब्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही सभी अधिकारियों को मुख्यालय में निवास करने तथा बाढ़ आपदा एवं राहत के तहत जिन स्थानों पर ड्यटी लगाई गई है, उस स्थान पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए.

कलेक्टर बालागुरु के तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने नागरिकों से अपील की है कि लगातार वर्षा के कारण जिन पुल, पुलिया, रपटों के ऊपर पानी बह रहा हो, उन्हें पार नहीं करें.

नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंपा

इछावर. थाना अन्तर्गत घर छोड़कर गई नाबालिग को पुलिस ने सीहोर से बरामद कर परिजनों को सौंपा. जानकारी के अनुसार गत दिवस इछावर थाने में एक पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है. जिसे रिश्तेदारों एवं गांव में काफी तलाशा लेकिन कोई सुराग नहीं लगा.बालिका की तलाश शुरू कर दी. थाना प्रभारी पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. टीम द्वारा नाबालिग बालिका को सीहोर बस स्टेंड क्षेत्र से बरामद किया. पुलिस ने बालिका के बयान एवंउसे परिजनों को सुपुर्द किया. इस कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक शशिकांत शर्मा, प्रधान आरक्षक अनूप विश्वकर्मा, आरक्षक क्रांति की भूमिका रही.